एमसीएल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 76वीं बैठक सम्पन्न

''हिंदी के प्रगामी प्रयोग में वृद्धि हेतु कृत्रिम मेधा (आर्टिफिसियल इंटेलीजेंस) आदि का सहारा लिया जाए''– केशव राव

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय, जागृति विहार में दिनांक 23.05.2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 76वीं समीक्षा बैठक श्री केशव राव, निदेशक (कार्मिक) एमसीएल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में क्षेत्रों एवं मुख्यालय के राजभाषा पदाधिकारीगण उपस्थित हुए।

अध्यक्ष महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि एमसीएल के सभी क्षेत्रों एवं विभागों में भारत सरकार के राजभाषा संबंधी दिशानिर्देशों का पालन किया जा रहा है। अभी हाल ही में कोयला मंत्रालय की राजभाषा निरीक्षण टीम एमसीएल आई थी, जिसने एमसीएल में राजभाषा कार्यान्वयन की तारीफ किया है, जो कि आप सभी के सामूहिक प्रयास का ही परिणाम है। राजभाषा विभाग ने भी इस दिशा में कुछ नई पहल एवं प्रयोग किया है, जो कि सराहनीय है। एमसीएल में चूंकि हिंदीतर भाषियों की संख्या अधिक है इसीलिए हमें हिंदी में कार्य करने हेतु कृत्रिम मेधा (आर्टिफिसियल इंटेलीजेंस) जैसे चैट जीपीटी आदि का भी सहारा लेकर हिंदी में आसानी से कार्य किया जा सकता है, जिससे हिंदी के प्रगामी प्रयोग में वृद्धि होगी।

बैठक के प्रारंभ में श्री कृष्ण मुरारी प्रसाद, महाप्रबंधक (राजभाषा) ने अध्यक्ष महोदय एवं उपस्थित सभी प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि एमसीएल के सभी क्षेत्रों एवं मुख्यालय के विभागों में हिंदी पत्राचार आदि में पिछली तिमाही की अपेक्षा वृद्धि हुई है, जो कि प्रशंसनीय है। **''एक और पत्र हिंदी में''** अभियान के तहत कुछ क्षेत्रों एवं मुख्यालय के विभागों से पत्र/सूचनाएं आदि जारी की गई है, जो कि सराहनीय प्रयास है। सभी क्षेत्रों एवं विभागों में भी इसकी पहल की जानी चाहिए ताकि हिंदी पत्राचार में वृद्धि हों।

बैठक में भारत सरकार के राजभाषा वार्षिक कार्यक्रम,2023-24 पर चर्चा की गई तथा इसे पूर्ण रूप से कार्यान्वयन करने की सलाह अध्यक्ष महोदय द्वारा दी गई। श्री बी.आर. साहू कलिहारी, प्रबंधक, (राजभाषा) ने पिछली बैठक में लिए गए निर्णय पर कृत कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक में क्षेत्रों एवं मुख्यालय के विभागों से प्राप्त तिमाही रिपोर्ट की समीक्षा की गई और जिन-जिन कार्यालयों में पिछली तिमाही की अपेक्षा इस तिमाही में राजभाषा पत्राचार आदि मदों में वृद्धि हुई है उन्हें अध्यक्ष महोदय द्वारा हिंदी पुस्तक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

सुश्री मुनमुन अग्रवाल,अनुवादक (राजभाषा) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की समाप्ति हुई।

MCL
G20
आज़ादी का अमृत महोत्सव
महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
जागृति विहार, बुर्ला, संबलपुर - 768020
राजभाषा कार्यान्वयन समिति
की
तिमाही समीक्षा बैठक

MCL
G20
आज़ादी का अमृत महोत्सव
महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
जागृति विहार, बुर्ला, संबलपुर - 768020